चाचा नेहरू के सपनोंका भारत बनाना ही कांग्रेस का संकल्प, बाल दिवस पर कांग्रेस का संदेश

गया जी। भारतके प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारतके निर्माण के अग्रदूत पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुन्ना की अध्यक्षता में स्थानीय कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर



पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओंने पंडित नेहरूके तैलचित्रपर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में रणजीत कश्यप, विजय कुमार मिठ्ठू, युगल किशोर सिंह, शौकत निशात ऊर्फ नवाब अली, राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रदीप शर्मा, विद्या शर्मा, मदीना खातून, दामोदर गोस्वामी, शिवनाथ प्रसाद, मोहम्मद ताजुद्दीन, मोहम्मद अजहरुद्दीन, राजीव कुमार सिंह, अर्जुन गुप्ता, मोहम्मद शमी, राजबीर, मुन्ना, याकूब, मुनाजिर, जावेद, राकेश, मोनू, सोनू एवं अंशु सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थेइस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चाचा नेहरू केवल बच्चों से प्रेम करने वाले लोकप्रिय नेता ही नहीं थे, बल्कि वे ऐसे आधुनिक, प्रगतिशील और समावेशी भारतका सपना देखते थे, जहां प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, समानता, सम्मान और आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिले। उनका मानना था कि आज के बच्चे ही कल के भारतका भविष्य हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश कुमार झुन्नाने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरूके विचार और उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

डोभी। जिले के डोभी प्रखंडके खरांटी पंचायत अंतर्गत जेहलडीह के समीप जंगल में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतकका पहचान बाराचटी थाना क्षेत्रके बीबीपेसरा गांव निवासी बासुदेव मांझी के पुत्र पप्पू मांझीके रूप में हुई है।

पुलिस सूत्रोंसे मिली जानकारी के अनुसार पप्पू मांझी डोभी प्रखंड के लेम्बोगढ़ा- बरिया स्थित अपने ससुराल गया हुआ था। इसी दौरान जेहलडीह के समीप जंगल में उसका शव देखा गया। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों ने बाराचटी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की।

इस संबंध में बाराचटी थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। प्रथम ख्रष्टया आशंका जतायी जा रही है कि युवक किसी बीमारी से ग्रसित था। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

गया जंक्शनपर 12.756 किलो गांजाके साथ महिला गिरफ्तार, कीमत 6.37 लाख रुपये

गयाजी। पूर्व मध्य रेल के डीडीयू मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने आपरेशन नारकोस के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 12.756 किलोग्राम गांजाके साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 6 लाख 37 हजार 800 रुपये बताई गई है।

बताया जाता है कि 14 नवंबरको गया जंक्शनपर



आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के दौरान आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली कि धनबाद-शकूरबस्ती एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 03639 अप से एक महिला गांजा लेकर यात्रा कर रही है। सूचनाके आधार पर आरपीएफ पोस्ट गया के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव, अपराध आसूचना शाखा के प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार एवं जीआरपी थानाध्यक्ष शिव कुमारके नेतृत्व में संयुक्त टीम ने ट्रेन के गया जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंचने पर आगे के जनरल कोचमें तलाशी ली।

इस दौरान रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनाडीह गांव निवासी छोटी कुमारी पिता गोपाल कहारके पास मौजूद एक झोले से 12 बंडल गांजा बरामद किया गया। राजपत्रित अधिकारी सह सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ गया संजय कुमार सिंहकी मौजूदगीमें विधिवत कार्रवाई करते हुए कुल 12.756 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। इसके बाद महिला पुलिसकर्मी की सहायता से महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि पैसों के लालच में वह ओडिशा के संभलपुर से गांजा लेकर बिहारके सासाराम जा रही थी।

इसके बाद जब्त गांजा और गिरफ्तार महिलाको जीआरपी थाना गया लाया गया। मामले में आरपीएफ के उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार के लिखित आवेदन पर जीआरपी थाना गया में कांड संख्या 285/26, दिनांक 14 नवंबर 2026 को एनडीपीएस एक्टकी धाराके तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कार्यालय, नगर परिषद, फारबिसगंज
(अररिया)
http://www.forbesganj.e-nagarpalika.com; phone:06455-295080;
e-mail- forbesganj.nagar.ulb@gmail.com

शुद्धि–पत्र

कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 09/2026–27 PR No 015077(B&C)/2026-27 एवं **अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या** 10/2026–27 PR No 015088(B&C)/2026-27 को **निविदा आमंत्रण सूचना संख्या** 09/2026–27 एवं **निविदा आमंत्रण सूचना संख्या** 10/2026–27 पढ़ा जाय।

शेष यथावत रहेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद फारबिसगंज

PR- 015466 (B & C) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बाल दिवस पर बचपन, संस्कार और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभावको लेकर हुई गंभीर चर्चा

गया जी। बाल दिवस के पावन अवसर पर वर्तमान समय में बच्चों के बदलते जीवन, उनके बचपनपर मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव तथा भारतीय संस्कारोंसे दूर होती नई पीढ़ी जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर डॉक्टर विवेकानंद पथ स्थित मिश्र जी के आवासपर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष एवं कौटिल्य मंच के संस्थापक डा विवेकानंद मिश्र तथा वरिष्ठ व्यक्तित्व आचार्य सचिदानंद मिश्र जी सहित उपस्थित लोगों ने बाल दिवस की प्रासंगिकता और बच्चों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओंपर अपने विचार रखे। सभामें इस बातपर विशेष चर्चा हुई कि आज का बचपन पहले की तुलना में काफी बदल गया है। तकनीक और डिजिटल माध्यमोंने बच्चों के जीवन में अपनी महत्वपूर्ण जगह बना ली है। मोबाइल फोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चों का काफी समय आभासी दुनिया में व्यतीत हो रहा है। इसके परिणामस्वरूप पारिवारिक संवाद, सामाजिक मेलजोल, खेलकूद, पुस्तकों के अध्ययन और नैतिक मूल्योंके प्रति उनकी रुचि प्रभावित होती दिखाई दे रही है। इस विषय पर डा विवेकानंद मिश्र ने अपने विचारोंके माध्यम से वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों की ओर ध्यान



आकृष्ट किया। उन्होंने विषय के संदर्भ में इस आवश्यकताको रेखांकित किया कि बाल दिवस केवल बच्चोंको शुभकामनाएं देने अथवा उत्सव मनानेका अवसर नहीं होना चाहिए, बल्कि यह समाज और अभिभावकों के लिए आत्ममंथनका भी दिन होना चाहिए। बच्चोंका भविष्य केवल आधुनिक शिक्षा और तकनीकी ज्ञानसे सुरक्षित नहीं हो सकता, बल्कि उनके भीतर नैतिकता, अनुशासन, कर्तव्यबोध और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है।सभा में उपस्थित आचार्य सचिदानंद मिश्र ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कारों के महत्व को रेखांकित करते हुए नई पीढ़ी के नैतिक निर्माण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विषय के संदर्भ में इस बात पर विशेष बल दिया कि भारतीय सभ्यता में बाल्यावस्था को व्यक्तित्व निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था माना गया है। मौके पर आचार्य कालिकाप्रसाद मिश्रा आचार्य अभय कुमार पाठक आचार्य सुनील पाठक प्रो. दिनेश शर्मा शेखर सुमन हीरामणि देवी रूबी कुमारी नीलम कुमारी किरण पाठक रंजन पांडे फूल कुमारी मृदुला मिश्रा मोहम्मद साबिर रंजना चावल रमेश जी चौधरी दीपा कुमारी शंभू गिरी कुन्दन मिश्रा दिलीप कुमार नीरज वर्मा नीरज मिश्रा रणजीत मिश्रा पवन मिश्रा आनंद कुमार मिश्रा कुमारी भारती रेशमा परवीन राखी कुमारी पार्वती पुष्पा देवी चंद्रभूषण मिश्रा शिल्पा कुमारी पुष्प लता चौबे आदि ने भी अपने विचार रखे।

खुद नदी में उतरकर छठ घाट की सफाई और व्यवस्था का जायजा ले रहे पार्षद

मानपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मानपुर मल्लाह टोली स्थित नल्गु नदी छठ घाटपर तैयारियां अंतिम चरणमें हैं। वार्ड 51 के पार्षद सह सशद्र स्थायी समिति सदस्य एवं भाजपा नेता मनोज कुमार खुद घाटपर घंटों मौजूद रहकर साफ-सफाई करा रहे हैं। उन्होंने नदीमें उतरकर घाटका निरीक्षण किया और सफाई, रोशनी, चेंजिंग रूम तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मनोज कुमार ने कहा कि रविवारको संध्या अर्घ्य के दौरान हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। छठ व्रतियोंको अर्घ्य देनेमें कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

गया की खबरें पृष्ठ संख्या 9 पर भी देखें

मँझियावा पंचायत के वार्ड सदस्य विनोबा कुमारका आकस्मिक निधन

परैया (ससू)। परैया प्रखंड की मँझियावा पंचायत के वार्ड नंबर 3 के वार्ड सदस्य विनोबा कुमार (45 वर्ष) का शुक्रवार की रात आकस्मिक निधन हो गया.वे मँझियावा गाँव के ही निवासी थे.उनके आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है.परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार,शुक्रवार की शाम विनोबा कुमार परैया बाजार गए हुए थे.वे बाजार में एक आटो पर बैठे हुए थे, तभी अचानक वे बेहोश हो गए, स्थिति को गंभीर देखते हुए आसपास के लोगों की मदद से उन्हें तुरंत परैया अस्पताल पहुँचाया गया.

अस्पतालमें प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाजके लिए गया रेफर कर दिया. हालाँकि, गया ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. विनोबा की पत्नी और चार बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है. वार्ड सदस्य के असामयिक निधन से स्थानीय जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त किया है.शोक व्यक्त करने वालों में मँझियावा की मुखिया संगीता कुमारी, नागेन्द्र कुमार ऊर्फ शिवजी, पूर्व मुखिया ज्योति रंजन,पैक्स अध्यक्ष रजनीकांत,पूर्व पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार ऊर्फ पप्पू जी,गोपाल शर्मा, पूजा यादव,मानती देवी समेत कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हैं.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल,शिवहर
Email:-exenrcdsheohar01@gmail.com
।। अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ।।
NIT No.- RCD / Sheohar / 09 / 2026-27

1.	विज्ञापन दाता का नाम	:	कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, शिवहर
2.	निविदा आमंत्रण की तिथि	:	दिनांक 18.11.2026
3.	परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि एवं समय	:	दिनांक 26.11.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक।
4.	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	:	दिनांक 04.12.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
5.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	:	दिनांक 04.12.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
6.	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	:	(i) अभीक्षण अभियंता, फाफामऊ, उ0 वि0 पथ अंचल, मुजफ्फरपुर। (ii) कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, शिवहर
7.	निविदा प्राप्ति का स्थान	:	उपरोक्त क्रमांक 06 में वर्णित स्थान पर।
8.	कार्य का विवरण	:	

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Repair and Construction of Compound wall with wall Fancing of RCD Campus, Sheohar for the Year 2026-27	1446482-00	29000-00	2500-00	01 माह

9. निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र की भाषा सांकेतिक है। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त, नियम, अर्हता, आवेदन का रूप एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय सूचना पट्ट एवं परिमाण विपत्र बिक्री स्थान पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 015340 (RCD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता,
पथ प्रमंडल, शिवहर

टिकारी के सभी छठ घाट सज धज कर तैयार आज अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पण करेंगे अर्घ्य

टिकारी (आससे)। अनुमंडल मुख्यालय टिकारी में लोक आस्था का अतिपावन महा पर्व छठ पूजा को लेकर भव्य तैयारी की गई है। भगवान बुद्ध ,मधुबनी पेंटिंग एवं पर्यावरणके प्रति जागरूकता पोस्टरों से पचदेवता घाट को संवारा गया है। पचास हजारसे अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद के बीच कई स्थानों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्तिकी गई है। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठको लेकर अनुमंडल मुख्यालय टिकारी में प्रशासनिक और सामाजिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं और व्रतियों की सुविधा व सम्मान को ध्यान में रखते हुए टिकारीके पचदेवता सहित सभी प्रमुख घाटों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। घाटों के सौंदर्यीकरण में बिहारकी समृद्ध कला और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखनेको मिल रहा है। मोहरहर नदीके तट पर स्थित पचदेवता घाट ,सूर्य कुंड,मंदिर परिसर मुख्य केंद्र बना । इसके अतिरिद्र , पूरे घाट पर पर्यावरण संरक्षण, नशामुद्रि अभियान को सफल बनाने वाले जागरूकता पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं, ताकि आस्था के इस महान पर्व के माध्यम से समाज में नशामुक्ति और स्वच्छता का सकारात्मक संदेश भी प्रसारित किया जा सके। छठव्रतियों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नदी किनारे मजबूत बैरिकेडिंग कराई गई है, ताकि कोई भी श्रद्धालु गहरे पानी में न जा सके। वहीं सेवा भारती सूचना प्रसारण केंद्र के माध्यम से मेले की हर गतिविधियों ,भूले बिसरे,खोया पाया की जानकारी दी जाएगी। उधर दुर्गा स्थान सूर्य क्लबकी ओर निर्माण कराए गए पूजा पण्डाल में सात घोड़ों पर सवार भगवान सूर्य की दिव्य चलायमान प्रतिमा आते जाते श्रद्धालुओं का ध्यान आकृष्ट कर रही। नगर परिषद टिकारी सभापति अजहर ईमाम,अनुमंडल पदाधिकारी ,अनुमंडल पुलिस प्रशासन,कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार झा, कनीय अभियंता अंजनी कुमार,सफाई निरीक्षक नारायण सिंह, के अलावा प्रतिनियुद्र सभी पदाधिकारी ,सेवा भारती के रामाशीष प्रजापति, महेश प्रसाद,राम नरेश प्रसाद एवं कई कर्मी लोक आस्थाके इस महापर्व को सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने हेतु कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते।

बाल दिवस पर रेस्क्यू जंक्शन में बच्चों ने उत्साहपूर्वक मनाया बाल दिवस

गयाजी। बाल दिवसके अवसर पर आज 14 नवंबर को पीपुल फर्स्ट एजुकेशनल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित रेस्क्यू जंक्शन गया में हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र के बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बाल दिवस के महत्व, शिक्षा के अधिकार, बाल संरक्षण एवं बच्चोंके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों ने हाथों में जागरूकता संदेश लिखी



तख्तियां लेकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक बच्चे को प्रेम, शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान मिलना चाहिए। संस्था की अध्यक्षा गोपा सिन्हाने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद करते हुए बच्चों को चाचा नेहरू के विषयमें जानकारी दी एवं समाजसे अपील किया कि 'हर बच्चेको प्यार, शिक्षा और सुरक्षा का अधिकार है। आइए, मिलकर उनके अधिकारों की रक्षा करें और उनका भविष्य संवारें।' बच्चोंके बीच उपहार एवं पाठड सामग्री का वितरण भी किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला। संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद एवं जोखिमग्रस्त बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें शिक्षा, संरक्षण और बेहतर भविष्य के अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम में समन्वयक जाहिद अख्तर, संध्या कुमारी एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे।

ग्रामीण, शहरी एवं राष्ट्रीय राजमार्गोंकी सड़कों का नियमित रखरखाव एवं समयबद्ध मरम्मती सुनिश्चित करें : डीएम

गयाजी। जिले में ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ शहरी सड़कों एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के बेहतर रखरखाव, समयबद्ध मरम्मती, आवश्यक साइनेज, रेडियम युक्त सूचना पट, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा निर्माणाधीन पुल-पुलियों एवं डायवर्सन के समीप सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षतामें संबंधित सड़क निर्माण एवं रखरखाव विभागों के पदाधिकारियोंके साथ समीक्षा बैठक आयोजितकी गई।

बैठक में जिला पदाधिकारीने कहा कि जिले की सभी ग्रामीण एवं शहरी सड़कों का भौतिक निरीक्षण कराने के लिए कमेटी गठित की गई थी। कमेटी द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान जिन सड़कों को जर्जर, खराब अथवा मरम्मती योग्य पाया गया था, उन सभी सड़कों की मरम्मती संबंधित विभागों द्वारा कराई गई है। उन्होंने संबंधित विभागों से पूर्व में किए गए निरीक्षण का विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जांच के दौरान कौन-कौन सी सड़कें खराब पाई गई थीं तथा उनके मरम्मती कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है।

जिला पदाधिकारीने निर्देश दिया कि मरम्मत कराई गई सभी सड़कों की पुनः भौतिक जांच जिला प्रशासनके पदाधिकारियोंसे कराई जाएगी। इसके माध्यमसे मरम्मती कार्य की गुणवत्ता एवं वास्तविक स्थितिका आकलन किया जाएगा, ताकि जिलेकी सभी सड़कें आवागमनके लिए पूरी तरह दुरुस्त एवं सुरक्षित बनी रहें। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सड़कों पर स्थित डायवर्सन, पुल-पुलियों एवं कलवर्ट के समीप पर्याप्त संख्या में रेडियम युक्त साइनेज लगाए जाएं। इसके साथ ही इन स्थानोंपर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी ने निर्माणाधीन डायवर्सन, कलवर्ट एवं पुल-पुलियों के समीप सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत एवं पर्याप्त बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों, कलवर्ट एवं डायवर्सन के आसपास ग्रीन शॉट लगाकर कार्य कराने को कहा, ताकि निर्माण कार्य के दौरान राहगीरों एवं वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो तथा यातायात सुरक्षित एवं सुचारू बना रहे। बैठकमें जिला पदाधिकारी ने एयरपोर्ट से दो मोहान बोधगया जाने वाले मार्ग के समीप निर्माणाधीन सड़क पर बने गडढोंको गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियोंको सख्त निर्देश दिया कि अगले तीन दिनों के अंदर सभी गडढोंको समतल कराकर सड़कको आवागमन योग्य बनाया जाए।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा एवं आम नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पुराने चेक बाउंस मामले में आरोपी गिरफ्तार

गयाजी। जिले के डोभी प्रखंड के कुरमावां पंचायत के बभनदेव गाँव का है जहाँ पुराने चेक बाउंस मामले में बाराचटी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुर्की वारंटी के आरोपी शैलेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चेक बाउंसके पुराने मामले में न्यायालय शेरघाटी द्वारा आरोपी के विरुद्ध कुर्की वारंट निर्गत किया गया था। पुलिसने कार्रवाई करते हुए आरोपीको उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारीके बाद आरोपीको न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेजा जा रहा है।

अदालती नोटिस
समन वाले कारावार ड्यूट तनखाह तलब
(आर्टर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय-सिविल डज (सीनियर डिवीजन),
जनपद-गोपालगंज
वाद संख्या-328/2024
सुरामा प्रसाद बनाम बाबुलाल आदि
बनाम-(26) गीता मिश्र पत्नी नन्दलाल मिश्र खागरीरामपुर सिवान बिहार (29) रमिता राय पत्नी अनुप कुमार राय, ग्राम-बनकटा, तहसील-बिजईपुर, जिला-गोपालगंज (बिहार)।
प्रतिवादिगी
हरगाह व्यक्ति ने आपके नाम एक नालिश व्यवह के तहर की है जिसकी आपकी हुक्म होता है कि आप कालीख 27 माह 11 सन् 2026 ई. को बक्का 10.00 बजे दिन के अदालत में स्वयं या मामूल वकील के जो मुकदमे की हालत से वाकर वाकई वाकिफ किफ गया हो और जिसे कुल ड्यूट आहम मुताल्लिक मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके सबब कोई सबब हो जो कि जवाब सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इत्तहार के लिए मुकर्रर है कि वामी इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है। आपको तजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तवेज को जिसको आप जवाबदेही हुई है। कतई दे लाईद इत्तेमाल करना चाहते हों पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मख्मूल और फैसला होगा।
बदस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज कातरीख 13-11-2026 ई. को जारी किए गया।
ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

मणिपाल सिग्ना की पूर्व इंडिया हेड राजरूपा का भव्य स्वागत

गया जी। पुणे से आईं मणिपाल सिग्ना की पूर्व इंडिया हेड राजरूपा का मानपुर के जनकपुर मोहल्ला स्थित पुलिस कालोनी, वार्ड संख्या 50 में स्वर्गीय बादल सिन्हा के आवास तथा विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया व महादेवा एंटरप्राइजेज के कार्यालयमें विशेष आगमन हुआ। इस अवसर पर स्वर्गीय बादल सिन्हा के सुपुत्र, युवा समाजसेवी सह विशाल प्राइवेट आईटीआई ग्रुप के ट्रस्टी आकाश प्रियदर्शी ऊर्फ एपी ने अपने आवास पर उनका अत्यंत आत्मीयता के साथ स्वागत किया। स्वागत के इस खास पल में आकाश प्रियदर्शी ने राजरूपा को पुष्पगुच्छ और मोरपंख भेंट कर सम्मानित किया। इस गरिमामय आयोजन के दौरान



क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर मुख्य रूप से आगरा एचपी पेट्रोल पंपके मालिक काजल सिन्हा, स्पष्ट सिन्हा तथा जारी पंचायत की पैक्स अध्यक्ष संगीता देवी के सुपुत्र विशाल यादव सहित जनकपुर पुलिस कालोनी के अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

जमीनी विवादमें दो पक्षोंके बीच जमकर मारपीट, 16 पर मामला दर्ज, 6 गिरफ्तार

मोहनपुर (ससू)। मोहनपुर थाना क्षेत्रके खरकपुरा गांवमें जमीन विवाद को लेकर गोतियाके बीच आपस में मारपीट हो गई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से मोहनपुर थानामें प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने शनिवार को बताया कि घटना शुक्रवार की है ज्योति कुमारी के तरु से सात लोगों पर और उर्मिला देवीकी तरफ से नौ लोगोंपर मामला दर्ज कराया गया है । मामलेमें दोनों तरफ से 16 लोगों पर मामला दर्ज हुआ है। दोनों पक्षों से कुल छे लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामला जमीनी विवाद से संबंधित मामले को लेकर आपस में लड़ाई झगड़ा हुआ था। गिरफ्तार आरोपियों में सुबोध सिंह, प्रमोद सिंह, सीताराम सिंह, कामेश्वर सिंह, मिथिलेश सिंह और विक्रम सिंह शामिल हैं।

बिहार सरकार
न्यायालय– बंदोबस्त कार्यालय, गोपालगंज
आम–सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित कॉलम–08/09/10 में अंकित बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद अभिनियम के तहत जप्त वाहन के अभिग्रहण की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रही है लेकिन कुछ वाहन मालिक का नाम, पता प्राप्त नहीं हो सका है एवं कुछ संबंधित वाहन मालिक अवाराक इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किये है तथा कुछ मामले में दावा प्रस्तुत करने के उपरांत अपेक्षानुसार साक्ष्य जप्त नहीं किया गया है।

SL NO.	CASE NO.	DM CASE NO.	THANA	LTR NO	NAME AND ADDRESS	THANA/ CASE NO	REGISTRATION NO	CHASIS NO	ENGINE NO
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	183/2026	891/26	उचकागांव	1381/ विधि, दिनांक 19.08.2026	राजकुमार शर्मा, पिता– लक्ष्मण शर्मा, सा०– जीआई, पकरी, बड़हरिया, सिवान	उचकागांव थाना कांड सं0–143/26	BR29PA8866	MCHJ1DD05FMPA00104	SGL9A34612
2	186/2026	980/26	उचकागांव	1509/ विधि, दिनांक 03.07.2026	नाहिद अख्तर, पिता–अजिकुल खलका, सा०–पैरोडिहरा, पीरगंज, बड़हरिया, जिला–गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं0–214/2026	BR29AY1284	MBLHAW224PHD11298	HA11E7PHD26113
3	188/2026	1045/26	उचकागांव	1616/ विधि, दिनांक 16.07.2026	मोहम्मद रिजवान, पिता–मो० उमर मंडी, सा०–बनैलीडीह, बालकर, हुसैनगंज, जिला–सिवान	उचकागांव थाना कांड सं0–222/2026	BR29AC4645	MBLHAR0724 1HHF24	HA10AGHHF33
4	189/2026	1046/26	उचकागांव	1616/ विधि, दिनांक 16.07.2026	अलजीत पाण्डेय, पिता–रघुनाथ पाण्डेय सा०–कोदर जयरामपुर, विश्वनाथ चार सहुपुर, खरौना, जिला–पटना	उचकागांव थाना कांड सं0–486/2025	BR01DY4140	MBLIAS057JGJ04115	JA06ERJG/13691
5	190/2026	1047/26	उचकागांव	1616/ विधि, दिनांक 16.07.2026	करण राय, पिता–दीनदयाल राय, सा०–सिंघुरिया, थाना–नवतनविरा, जिला–सारिया (बि० बंगाई) वर्तमान ग्राम–मोरे, थाना–मोरे, जिला–गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं0–146/2026	BR28R2961	MBLJA06AXHHA00099	JA06EPGHM12598
6	191/2026	1038/26	बीयूर	1619/ विधि, दिनांक 16.07.2026	अनिरुद्ध कुमार पाठक, पिता– स्व० महन्थ पाठक, सा०–सलहपुर, थाना–दाउदा, जिला–सिवान	बीयूर थाना कांड सं0– 150/2026	BR01BL1060	MALA851HR465337	405080013
7	193/2026	1052/26	उचकागांव	1719/ विधि, दिनांक 23.07.2026	रामबचन सरावन, पिता– लखनेकर पासवान, सा०–पनवौली खास, थाना– एकमाघाट, जिला–गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं0–234/2026	BR28G82109	MAT843016P7K22156	33LNGD11KWX528339
8	195/2026	1180/26	उचकागांव	1868/ विधि, दिनांक 08.08.2026	दरोगा पासी, पिता–बिसौ दास पासी, सा०–मधुरापट्टी, पो०–रामपुर, थाना–कुचवेरिया, जिला–गोपालगंज	उचकागांव थाना कांड सं0–296/2026	BR28E6499	Not Mentioned	DZUBUL63711
9	199/2026	1186/26	गोपालपुर	1900/ विधि, दिनांक 08.08.2026	सुमन कामती पिता–दीनू मांझी, सा०–लहरी, पैजारी, भीमपरा, गोपालपुर।	गोपालपुर थाना कांड सं0–95/26	BR29D6864	72M57163	GF74M80243
10	200/2026	1187/26	गोपालपुर	1900/ विधि, दिनांक 08.08.2026	मुन्ना सिंह पिता–कुशा सिंह, सा०–दुबलैलिया, कोलहुवा गोपालपुर, जिला–गोपालगंज।	गोपालपुर थाना कांड सं0–92/26	BR28U9953	MD2A11CY4IRE05099	DHYRUD07074
11	201/2026	1188/26	गोपालपुर	1900/ विधि, दिनांक 08.08.2026	रोहतास रवी अंसारी पिता–इमीलुलहक अंसारी सा०–गुलैछपरी, पो०–बैलगढ़, बजहरिया, सिवान।	गोपालपुर थाना कांड सं0–112/26	BR28AA9269	MD2A11CZ2GRM24944	DHZRGM25049
12	203/2026	1190/26	गोपालपुर	1900/ विधि,